FUSCO'S SCHOOL (ICSE)

Indiranagar, Bangalore

ANNUAL EXAMINATION 2016 – 2017

SUBJECT : HINDI II LANGUAGE.

Class : VI **Time : 2 ½ Hrs**
Marks : 80

SECTION – A [40 MARKS]

प्र. १ इस अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो:- (10)

कच्ची मिटटी की आधार-पट्टियाँ बनाकर उनपर धार्मिक और नैतिक सूक्तियाँ लिख दी जाती थीं। इसी तरह महत्वपूर्ण दस्तावेज भी लिख दिए जाते थे। फिर इन पट्टियों को पकाकर, लेखांकन को सुरक्षित रख लिया जाता था। चूँकि पद्य सरलता से कंठस्त हो जाता है इसलिए साहित्य पद्य में रचा जाता था। मौखिक कथन और श्रवण की इस परंपरा से ही हमारी श्रुतियाँ और स्मृतियाँ प्राचीन ज्ञान को हम तक पहुँचाने में सफल हैं।

प्र. १ प्राचीन काल में किसपर लिखा जाता था ?

प्र. २ इनपर क्या-क्या लिखा जाता था ?

प्र. ३ साहित्य पद्य में क्यों रचा जाता था ?

प्र. ४ मौखिक कथन और श्रवण परंपरा किसे कहते हैं ?

प्र. ५ श्रुतियों और स्मृतियों द्वारा किस कार्य में सफलता मिली और क्यों?

प्र. २. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर निर्देश अनुसार लिखिये :-

क. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :- (2)

सूर्य, तारक, संसार, पाठशाला

ख. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखें - (2)

कोमल, अमृत, फूल, गुण

ग. निम्न शब्दों के प्रत्यय अलग करें - (2)

महत्वपूर्ण, ध्यानपूर्वक, बलशाली, शक्तिमान

घ. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखो - (2)

मुंशी, धोबी, अभिनेता, अध्यापक

ड. निम्नलिखित समास पदों क विग्रह करके लिखें - (2)

माता-पिता, भाई-बहन, दिन-रात, सुख-दुःख

च. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखें - (4)

१. डीएड क चाँद होना २. आसमान सर पर उठाना

छ. दिए गए लोकोक्तियों के अर्थ लिखें - (4)

१. एक अनार सौ बीमार २. काला अक्षर भैंस बराबर

प्र. ३ नए विद्यालय के बारे में बताते हुए अपनी माँ को पत्र लिखें :- (5)

प्र. ४. दिए गए विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद (निबंध) लिखें :- (7)

१. बड़ा दिन (क्रिसमस) २. वृक्षों का महत्त्व

SECTION – B [40 MARKS]

प्र. ५ दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये :- (14)

क. पंडित जी अपने छात्रों से कैसा व्यवहार करते थे?

ग. प्रभु ने मीरा की रक्षा किस प्रकार की?

घ. मोहित यमुना तट पर क्यों जाना चाहता था ?

ड. वेनका ने मास्को शहर के बारे में दादाजी को क्या लिखा?

च. 'कष्ट के बिना सुख का भी कोई अर्थ नहीं होता' - ऐसा क्यों कहा गया है ?

छ. 'अंधेर नगरी' नाटक के माध्यम से लेखक क्या सन्देश देना चाहते हैं?

ज. 'अपमान के जहर को अमृत समझकर पी जाते' यह वाक्य किसके लिए और क्यों कहा गया?

प्र. ६ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें : - (4)

१. पंडित जी ने आज शिक्षक का गौरव समझा । उन्हें आज इस पद की महानता ज्ञात हुई ।

२. खरचै नहीं, कोई चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवाया ।

प्र ७ वाक्यों को जोड़कर संयुक्त वाक्य बनाएं :- (4)

१. वह आगरा जाएगा। वह मुम्बई जायेगा।

२. उसने मेहनत नहीं की। वह परीक्षा पास नहीं कर सका।

३. वेनका ने पत्र लिखा। उसने पत्र दादा जी को भेज दिया।

४. वह देर रात तक जागा। वह काम पर देर से पहुँचा।

प्र. ८ दिए गए शब्दों का वर्ण-विक्छेद करो :- (2)

१. सतगुरु - + + + + + +

२. कृपा - + + + + + +

प्र. ९ वाक्यों के लिए एक शब्द में उत्तर दो:- (3)

१. सब कुछ जाननेवाला -

२. जिसकी कोई सीमा न हो -

३. एक ही कक्षा में पड़ने वाला -

प्र.१०. सही उत्तर पर (✓) लगाइये :- (3)

१. पंडित जी अपने अध्यापक होने के बारे में क्या सोचते थे ?

छात्रों से सम्मान मिलता है। [ ] ज्ञान बाँटने का अवसर मिलता है। [ ]

बहुत कम आमदनी है। [ ] बहुत से मित्र बन जाते है। [ ]

२. सबको मार्ग में ही रेलगाड़ी से उतना पड़ा क्योंकि -

उनका स्टेशन आ गया था। [ ] मुंशी जी बीमार हो गए थे। [ ]

उनका मन यात्रा से भर गया था। [ ] ठाकुर जी के पास पैसे न थे। [ ]

३. पंडित जी के शिष्य उनका आदर करते थे क्योंकि -

क. पंडित जी सबको पढ़ाते थे। [ ]

ख. पंडित जी अपना काम खूब मन लगाकर करते थे। [ ]

ग. पंडित जी दरोगा और मुंशी जी के मित्र थे। [ ]

प्र.११. दिए गए शब्दों के मानक रूप लिखें :- (3)

१. रतन २. मगन ३. सत

प्र. १२. क्रियाविशेषण छाँटकर खाली स्थान भरो :- (4)

[देर से, ध्यानपूर्वक, धीरे-धीरे, उधर, नीचे, उतना]

१. जितनी भूख हो ---------- ही खाओ।

२. ---------- मत जाओ, वहाँ गड्ढा है।

३. ---------- चलोगे तो समय पर नहीं पहुँच पाओगे।

४. वह रोज़ ------------ विद्यालय आता है।

प्र. १३. दिए गए शब्दो के अर्थ लिखें : - (3)

१. मुसाफिर २. मन मारकर रह जाना ३. पूँजी